TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 20 जुलाई

1. **चन्द्र दिवस–** 20 जुलाई, 1969 ई. को अपोलो–11 द्वारा पहली बार मानव लैंडिंग चन्द्रमा पर हुई। अपोलो–11 चंद्र मिशन पर एडविन एल्ड्रिन तथा माइकेल कॉलिन्स के साथ गए नील आर्मस्ट्रांग ने चंद्रयान 'ईगल' से नीचे उतरकर 20 जुलाई, 1969 ई. को भारतीय समयानुसार प्रातः 8 बजकर 26 मिनट पर चंद्रतल पर प्रथम कदम (बायाँ) रखा। तब उन्होंने कहा था– ''मानव का यह छोटा–सा कदम मानव जाति के लिए बहुत बड़ी छलांग है।''
2. **कोलम्बिया का स्वतंत्रता दिवस–** 20 जुलाई, 1810 ई. को कोलम्बिया स्पेन के शासन से मुक्त हुआ। कोलम्बिया की राजधानी बोगोटा है। क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का 26वां और दक्षिण अमेरिका का चौथा बड़ा देश है। जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया का 29वां बड़ा देश है। कोलम्बिया में मेक्सिको और ब्राजील के बाद स्पेनिश बोलने वाले सर्वाधिक लोग निवास करते हैं। इस देश का एक–तिहाई हिस्सा अमेजन जंगलों से घिरा हुआ है।
3. **अलाउद्दीन खिलजी दिल्ली का सुल्तान घोषित–** 20 जुलाई, 1296 ई. को अलाउद्दीन खिलजी ने स्वयं को दिल्ली का सुल्तान घोषित किया। वह खिलजी वंश का दूसरा शासक था। उसका साम्राज्य अफगानिस्तान से लेकर उत्तर–मध्य भारत तक फैला था। उसने अलाई दरवाजा का निर्माण करवाया था। उसने साम्राज्यवादी विस्तार के तहत गुजरात, जैसलमेर, रणथम्भौर, मेवाड़, मालवा, देवगिरि आदि कई राज्यों पर विजय प्राप्त किया था।
   - **संदर्भः** वर्ग सात की इतिहास की पाठ्यपुस्तक में **खिलजी वंश** से जोड़कर चर्चा करें।
4. **सिकंदर महान का जन्म–** 356 ई. पू., 20 जुलाई को युनान में सिकंदर महान का जन्म हुआ था। विश्व विजय की अभिलाषा रखने वाला सिकंदर महान अपनी मृत्यु के पूर्व उन सभी भूमि में से आधी भूमि जीत चुका था जिसकी जानकारी प्राचीन ग्रीक के लोगों को थी। उसने ईरान, सीरिया, मेसोपोटामिया, गाझा, बैक्ट्रिया और भारत के पंजाब इलाके को जीत लिया था। उसका अंतिम युद्ध भारत के राजा पुरू (पोरस) के साथ हुआ था। बाद में मगध की विशाल सेना देखकर वह डरकर लौट गया।
5. **एडमंड हिलेरी का जन्म–** विश्व में माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतेह हासिल करने वाले एडमंड हिलेरी का जन्म 20 जुलाई, 1919 ई. को न्यूजीलैंड में हुआ था। उन्होंने 29 मई, 1953 ई. को माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त किया था। एवरेस्ट विजय की दो असफल कोशिशों के बाद उन्होंने कहा था, **'मैं फिर आऊँगा, तुम तब भी इतने ही ऊँचे रहोगे, पर मेरा हौसला पहले से कुछ ज्यादा ऊँचा हो जाएगा।'**

Saturday



Madhu priya

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय चंद्र दिवस 20 जुलाई




20 जुलाई को राष्ट्रीय चंद्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन, नील आर्मस्ट्रांग वर्ष 1969 में चंद्रमा की सतह पर चले थे। अंतरिक्ष समुदाय इस दिन को मनुष्यों द्वारा प्राप्त एक लक्ष्य के उपलक्ष्य में मनाता है। 20 जुलाई, एक बहुत ही खास दिन है जो मानव जाति के इतिहास में एक बहुत ही खास घटना की याद दिलाता है। यह उस दिन को मनाता है जब मनुष्य पहली बार चंद्रमा पर चला था और इसे राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस के रूप में चिह्नित किया जाता है। यह वह दिन था जब अपोलो 11 पृथ्वी के एकमात्र सॅटॅलाइट पर 20 जुलाई 1969 की रात 20:17 बजे उतरा था। 20 जुलाई को राष्ट्रीय चंद्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।अंतरिक्ष समुदाय इस दिन को मनुष्यों द्वारा प्राप्त एक लक्ष्य के उपलक्ष्य में मनाता है। मानव ने चंद्रमा की सतह पर पहला कदम रखा था। एस्ट्रोनॉट नील आर्मस्ट्रांग ने इस इतिहास को रचा था।

# पुण्यतिथि विशेष 20 जुलाई

राकेश कुमार




**बटुकेश्वर दत्त** *Batukeshwar Dutt*, जन्म- 18 नवम्बर, 1910; मृत्यु- 20 जुलाई, 1965) भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक थे। देश ने सबसे पहले 8 अप्रैल, 1929 को उन्हें उस समय जाना, जब वे भगतसिंह के साथ केंद्रीय विधान सभा में बम विस्फोट के बाद गिरफ्तार किए गए। उन्होंने आगरा में स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित करने में उल्लेखनीय कार्य किया था। सन 1924 में कानपुर में बटुकेश्वर दत्त की भगतसिंह से भेंट हुई थी। इसके बाद उन्होंने 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' के लिए कानपुर में कार्य करना प्रारंभ किया और इसी क्रम में बम बनाना भी सीखा।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 20.07.2024

## कौशल अधिग्रहण

कौशल अधिग्रहण आंदोलन यांत्रिकी, शारीरिक साक्षरता, बायोमैकेनिक्स, एथलेटिक्स विकास, मनोविज्ञान और कोचिंग अभ्यास का एक परिणाम है। कौशल का विकास, और सीखने, सुधार करने और प्रदर्शन को विकसित करने की क्षमता, खेल और शारीरिक गतिविधि के लिए केंद्रीय है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**छत्रपति शिवाजी** द्वारा इस्तेमाल किए गए बाघ के पंजे के आकार के हथियार '**वाघ नख**' को भारत लाया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हथियार को **लंदन** (London) के एक **संग्रहालय** से लाया जाएगा।

**TOB बूझो तो जानें . .**



443

चौकी पर बैठी एक रानी, सिर पर आग बदन में पानी ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## पेरिस ओलम्पिक 2024

### पेरिस ओलिंपिक 2024 की खास बातें



- 206 देशों के 10,500 खिलाड़ी इन गेम्स में हिस्सा लेंगे, जिसमें 50% पुरुष और 50% महिला खिलाड़ी हैं।
- 08 वीं बार हिस्सा लेगा नाउरू ओलिंपिक में। गेम्स का आबादी के हिसाब से सबसे छोटा देश। आबादी सिर्फ 12,100 है।
- 32 अलग-अलग खेलों के 329 इवेंट्स खेले जाएंगे, जो दूसरे सबसे ज्यादा इवेंट हैं। टोक्यो ओलिंपिक में 339 थे।
- 06 ठी बार ओलिंपिक की मेजबानी कर चुका है फ्रांस। इस देश में तीन बार समर और तीन बार विंटर ओलिंपिक हुए।
- 45 हजार वॉलंटियर्स पेरिस गेम्स के दौरान मदद करेंगे। दुनियाभर से 3 लाख से ज्यादा लोगों ने एप्लाई किया था।
- पेरिस मेट्रो में 3 हजार ट्रांसलेशन डिवाइस लगाई गई हैं, जो 16 भाषाओं में अनुवाद करने में सक्षम हैं।
- एफिल टॉर के सामने 'चैम्पियंस पार्क' बनाया गया है, जहां फैंस रोजाना शाम को ओलिंपिक एथलीट्स से मिले सकेंगे।



स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका
निभाने वाले महान क्रांतिकारी

# बटुकेश्वर दत्त

की पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

**जन्म- 18 नवंबर 1910 - मृत्यु- 20 जुलाई 1965**

www. teachersofbihar.org

Madhu priya

20 जुलाई 2024

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

चुप रहिए या फिर ऐसे शब्द बोलिए

जो मौन से ज्यादा क़ीमती हो।

**पाइथागोरस**



राकेश कुमार